*प्रथम 10 मिनट में अभ्यर्थी अपनी प्रश्न–पुस्तिका के क्रमांक का मिलान ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक के क्रमांक से कर लें। यदि ओ० एम० आर० उत्तर पत्रक व प्रश्न–पुस्तिका के क्रमांक भिन्न हैं तो केन्द्र अधीक्षक से निवेदन करके प्रश्न–पुस्तिका बदल लें।*

**Level : 1**
**PRT : For Classes I to V**

# Exam. – 2019

**Sub. Code No. : 4101**

अनुक्रमांक (अंकों में) : ☐☐☐☐☐☐☐
Roll No. (In Figures)

**SET : A**

**प्रश्न–पुस्तिका क्रमांक एवं ओ०एम०आर० क्रमांक**
**Question-Booklet Serial No. & O. M. R. Serial No.**

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ____________________
Roll No. (In Words)

परीक्षा केन्द्र का नाम : ____________________
Name of Examination Centre

अभ्यर्थी का नाम : ____________________ **अभ्यर्थी के हस्ताक्षर :** ____________________
Name of Candidate **Signature of Candidate**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| इस प्रश्न–पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या<br>**No. of Pages in this Question Booklet** | **48** | प्रश्नों की संख्या<br>**No. of Questions** | **150** | समय<br>**Time** | **2½ hours** |

**निरीक्षक के हस्ताक्षर / Signature of Invigilator :** ____________________

अभ्यर्थी को 10 मिनट का समय प्रश्न–पुस्तिका पर छपे निर्देशों को पढ़ने तथा उत्तर पत्रक में अपने विवरण भरने के लिए दिया जाएगा। यदि प्रश्न–पुस्तिका व उत्तर पत्रक की क्रम संख्या गलत अंकित हों तो तुरन्त केन्द्र अधीक्षक से निवेदन करके प्रश्न–पुस्तिका बदल लें। इसके पश्चात् कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। इन 10 मिनटों के अतिरिक्त, प्रश्नों के उत्तर अंकित करने के लिए पूरे 2½ घंटे का समय दिया जाएगा। **यदि किसी अभ्यर्थी को प्रश्न–पुस्तिका में दिए गए किसी भी प्रश्न में कोई त्रुटि होने का संदेह हो तो इसके लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा समाप्ति के उपरान्त प्रतिवेदन देने के लिए अवसर दिया जाएगा। अतः अभ्यर्थी निर्धारित अवसर के दौरान इस सम्बन्ध में अपना प्रतिवेदन बोर्ड कार्यालय में दर्ज करवा सकते हैं। इस अवसर के बाद, इस सम्बन्ध में प्राप्त प्रतिवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।**

**यदि किसी प्रश्न में हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम में भिन्नता है तो अंग्रेजी माध्यम का प्रश्न ठीक माना जाएगा।**
**If there is any variance between Hindi and English Version of any question then English Version would be considered correct.**

## अभ्यर्थियों के लिए निर्देश / INSTRUCTIONS FOR THE CANDIDATES :

1. ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक इस प्रश्न–पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको प्रश्न–पुस्तिका पढ़ने को कहा जाए, तो उत्तर पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल काले बॉल प्वाइंट पैन से विवरण भरें। (The OMR Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to read the Question Booklet, take out the OMR Answer Sheet and fill in the particulars carefully with black ball point pen only.)
2. परीक्षा की अवधि **2½ घंटे** है एवं प्रश्न–पुस्तिका में **150** प्रश्न हैं। **कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है।** (The test is of **two-and-half hours** duration and consists of **150** questions. **There is no negative marking.**)
3. अपने विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्रक पर निशान लगाने के लिए केवल **काले बॉल प्वाइंट पैन** का प्रयोग करें। अभ्यर्थी प्रश्न–पुस्तिका का उपयोग करने एवं उत्तर पत्रक को भरने में सावधानी बरतें। (Use **Black Ball Point Pen** only for writing particulars on this page/darkening responses in the Answer Sheet. The candidate should remain careful in handling the question paper and in darkening the responses on the answer sheet.)
4. प्रथम 10 मिनट में, यह भी सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न–पुस्तिका क्रमांक और उत्तर पत्रक क्रमांक एक ही हैं। अगर यह भिन्न हों तो अभ्यर्थी दूसरी प्रश्न–पुस्तिका और उत्तर पत्रक लेने के लिए पर्यवेक्षक को तुरन्त अवगत करवाएँ। (Within first 10 minutes, also ensure that your Question Booklet Serial No. and Answer Sheet Serial No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Question Booklet and the Answer Sheet.)

**5. लेवल–1 (कक्षा I से V के लिए)**

भाग–I : बाल विकास व शिक्षा शास्त्र (प्र० **1** से प्र० **30**)
भाग–II : भाषा : (प्र० **31** से प्र० **60**)
(हिन्दी : 15 प्रश्न व अंग्रेजी : 15 प्रश्न)
भाग–III : सामान्य अध्ययन : (प्र० **61** से प्र० **90**)
(मात्रात्मक योग्यता : 10 प्रश्न, तार्किक अभिक्षमता : 10 प्रश्न, सामान्य ज्ञान एवं अभिज्ञान : 10 प्रश्न)
भाग–IV : गणित (प्र० **91** से प्र० **120**)
भाग–V : पर्यावरण अध्ययन (प्र० **121** से प्र० **150**)

**5. Level-1 (For Classes I to V)**

Part–I : Child Development and Pedagogy (Q. **1** to Q. **30**)
Part–II : Language : (Q. **31** to Q. **60**)
(Hindi : 15 Q. & English : 15 Q.)
Part–III : General Studies : (Q. **61** to Q. **90**)
(Quantitative Aptitude : 10 Q, Reasoning Ability : 10 Q, G. K. & Awareness : 10 Q)
Part–IV : Mathematics (Q. **91** to Q. **120**)
Part–V : Environmental Studies (Q. **121** to Q. **150**)

**नोट : कृपया इस पुस्तिका के अन्त में दिए गए शेष निर्देशों को पढ़ें। (Please read other remaining instructions given on the last page of this booklet.)**

Download from www.MsEducationTv.com

## भाग – I / PART – I

## बाल विकास व शिक्षाशास्त्र/CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए।*

***Direction :*** *Answer the following questions by selecting the* ***most appropriate*** *option.*

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा वृद्धि एवं विकास के सन्दर्भ में सही ***नहीं*** है ?

(1) पैर से सर

(2) निकट से दूर

(3) सर से पैर

(4) वंशानुक्रम एवं वातावरण की अंतर्क्रिया

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा उपकरण संरचनात्मक आकलन के लिए उपयुक्त प्रतीत ***नहीं*** होता है ?

(1) प्रश्नोत्तरी

(2) समूह परिचर्चा

(3) मानदण्ड संदर्भित परीक्षण

(4) वार्तालाप

**3.** 4 से 5 वर्ष की आयु में बालक में कौन-से विकास की वजह से वह अपने माता के प्रति प्रेम तथा पितृ विरोधी भावना दर्शाने लगता है ?

(1) पियूष ग्रंथि

(2) थाइराइड ग्रंथि

(3) एलेक्ट्रा ग्रंथि

(4) ओडिपस ग्रंथि

**1.** Out of following which is ***not*** correct principle in context to growth and development ?

(1) Foot to head

(2) From near to distant

(3) Head to foot

(4) Interaction of heredity & environment

**2.** Out of following which tool is ***not*** seems to be appropriate for formative assessment ?

(1) Quizzes

(2) Group discussion

(3) Criterion referenced test

(4) Conversation

**3.** Due to which development at the age of 4 to 5 years male child shows affectionate behaviour towards his mother and opposite to his father ?

(1) Pituitary gland

(2) Thyroid gland

(3) Electra complex

(4) Oedipus complex



Download from www.MsEducationTv.com

**4.** कौन-सा व्यक्तिगत भिन्नताओं का कारण ***नहीं*** है ?

(1) वंशानुक्रम (2) वातावरण

(3) परिपक्वता (4) निर्देशन

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रतिभाशाली बालकों के लिए संवृद्धि कार्यक्रम ***नहीं*** है ?

(1) पाठ्यक्रम में समृद्धि

(2) वर्ग उन्नति

(3) विशिष्ट कक्षा का प्रबंध

(4) विशिष्ट आवासीय विद्यालय

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सा मिलर तथा डोलार्ड द्वारा प्रदत्त अनुकरणात्मक व्यवहार का प्रकार ***नहीं*** है ?

(1) समान व्यवहार

(2) सहसम्बंधात्मक व्यवहार

(3) प्रतिलिपि व्यवहार

(4) सुमेलित-आश्रित व्यवहार

**7.** "शिक्षा मनोविज्ञान, मनोविज्ञान की वह शाखा है, जो शिक्षण एवं सीखने से सम्बंधित है।" यह कथन दिया गया है :

(1) वुडवर्थ द्वारा (2) स्किनर द्वारा

(3) सिम्पसन द्वारा (4) पावलॉव द्वारा

**4.** Which is ***not*** the cause of individual differences ?

(1) Heredity (2) Environment

(3) Maturity (4) Guidance

**5.** Out of following which is ***not*** the enrichment programme for Gifted children ?

(1) Enrichment of curriculum

(2) Grade acceleration

(3) Arrangement of special classes

(4) Special residential school

**6.** Out of following which is ***not*** the type of imitative behaviour given by Miller and Dollard ?

(1) Same behaviour

(2) Correlative behaviour

(3) Copying behaviour

(4) Matched dependent behaviour

**7.** "Educational Psychology is that branch of psychology which deals with teaching and learning." This statement is given by :

(1) Woodworth (2) Skinner

(3) Simpson (4) Pavlov



Download from www.MsEducationTv.com

**8.** एक बालक "जो अपने स्कूल जीवन के बीच (यानी लगभग साढ़े दस साल में) अपनी आयु के समकक्ष से नीचे की कक्षा का कार्य करने में असमर्थ हो" को किस प्रकार का बालक कहते हैं ?

(1) मानसिक रूप से मंदित बालक

(2) शैक्षिक रूप से पिछड़ा

(3) मूर्ख/बेवकूफ

(4) जड़

**9.** बहु बुद्धि सिद्धान्त के प्रवर्तक कौन थे ?

(1) अल्फ्रेड बिने

(2) गिलफर्ड

(3) हावर्ड गार्डनर

(4) थॉर्नडाइक

**10.** 'जेण्डर स्कीमा थ्योरी' किसने प्रस्तावित की थी ?

(1) अल्बर्ट बण्डुरा

(2) जीन पियाजे

(3) एस० एल० बेम

(4) आर० ए० बैरन

**8.** A child "who is in the middle of his school (that is about ten and half years) is unable to do the work of the class below that which is normal for his age" is known as which type of children ?

(1) Mentally retarded

(2) Educationally retarded

(3) Moron

(4) Idiot

**9.** Who was the propounder of multidimensional intelligence theory ?

(1) Alfred Binet

(2) Guilford

(3) Howard Gardner

(4) Thorndike

**10.** 'Gender Schema Theory' was proposed by whom ?

(1) Albert Bandura

(2) Jean Piaget

(3) S. L. Bem

(4) R. A. Baron



Download from www.MsEducationTv.com

**11.** निम्नलिखित में से कौन-सा आन्तरिक अभिप्रेरणा का उदाहरण ***नहीं*** है ?

(1) प्रशंसा

(2) चिन्ता

(3) उपलब्धि की आवश्यकता

(4) आकांक्षा स्तर

**12.** वाइगोत्स्की के अनुसार निम्न में से कौन-सी संकल्पना सीखने के लिए केन्द्रीय होती है ?

(1) समीपता

(2) अनुकूलन

(3) आत्मसातन

(4) संस्कृति एवं भाषा

**13.** कितनी आयु पर बच्चों में लिंग पहचान स्थापित होती है ?

(1) 2 वर्ष (2) 4 वर्ष

(3) 6 वर्ष (4) 7 वर्ष

**14.** 'अहम केन्द्रिकता' का गुण जीन पियाजे द्वारा प्रदत्त बौद्धिक विकास की कौन-सी अवस्था में दिखाई पड़ता है ?

(1) संवेदात्मक गामक अवस्था

(2) पूर्व संक्रियात्मक अवस्था

(3) मूर्त संक्रियात्मक अवस्था

(4) औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था

**11.** Out of following which is ***not*** the example of Intrinsic motivation ?

(1) Praise

(2) Anxiety

(3) Need for achievement

(4) Level of aspiration

**12.** According to Vygotsky, which of the following concepts appear central to learning ?

(1) proximity

(2) adaptation

(3) assimilation

(4) culture and language

**13.** At what age gender identity is established in children ?

(1) 2 years (2) 4 years

(3) 6 years (4) 7 years

**14.** 'Ego Centricness' is main characteristic of which intellectual stage as given by Jean Piaget ?

(1) Sensory motor stage

(2) Pre-operational stage

(3) Concrete operational stage

(4) Formal operational stage



Download from www.MsEducationTv.com

**15.** एक विद्यार्थी ने शैक्षिक क्षेत्र के अन्तर्गत किसी विषय में 100 में से 47 अंक प्राप्त किए इन अंकों को सी०सी०ई० योजना के अन्तर्गत किस ग्रेड में बदला जा सकता है ?

(1) $B_2$

(2) $C_1$

(3) $C_2$

(4) $B_1$

**16.** नीचे अधिगम सिद्धान्तों और उनके प्रतिपादकों के जोड़े दिए गए हैं। इंगित कीजिए कि किस जोड़े का मिलान सही ***नहीं*** है ?

(1) अनुकूलन/अनुबन्ध अनुक्रिया - वुल्फ एवं रीड

(2) अन्तःदृष्टि-सूझ का सिद्धान्त - वर्दीमर एवं कोहलर

(3) उद्दीपन-अनुक्रिया सिद्धान्त - थॉर्नडाइक, गेट्स, स्टीफेन

(4) पुनर्बलन सिद्धान्त - हल एवं स्किनर

**17.** फ्रायड द्वारा दिये गये मनोलैंगिक विकास की एक अवस्था, निम्नांकित में से कौन-सी ***नहीं*** है ?

(1) मुखीय अवस्था

(2) गुदा अवस्था

(3) गुप्त अवस्था

(4) आइकॉनिक (प्रतिभा) अवस्था

**15.** A student got 47 marks out of 100 in a subject under scholastic area, this score will convert in which grade under C.C.E. scheme ?

(1) $B_2$

(2) $C_1$

(3) $C_2$

(4) $B_1$

**16.** Below are given the pairs of theories of learning and their exponents. Indicate which pair is ***not*** correctly matched ?

(1) Conditioning Responses - Wolf and Reid

(2) Insight Theory - Wortheimar and Kohlar

(3) Stimulus-Response Theory - Thorndike, Gates, Stephen

(4) Reinforcement Theory - Hull and Skinner

**17.** Which of the following is ***not*** a stage of psycho-sexual development as given by Freud ?

(1) Oral stage

(2) Anal stage

(3) Latency stage

(4) Iconic stage



Download from www.MsEducationTv.com

18. 3 वर्ष की आयु में बालक लगभग कितने शब्द सीख लेता है ?
(1) लगभग 200
(2) लगभग 300
(3) लगभग 500
(4) लगभग 1000

19. निम्नलिखित में से कौन-सा सृजनात्मकता का तत्त्व ***नहीं*** है ?
(1) धारा प्रवाहिता
(2) लचीलापन
(3) मौलिकता
(4) स्मृतिकरण

20. कुछ मामलों में बच्चे अपने माता-पिता की तुलना में कुछ कम मानसिक योग्यता दिखलाते हैं तथा ठीक उल्टा दृश्य भी दिखाई पड़ता है, वंशानुक्रम का यह नियम क्या कहलाता है ?
(1) प्रत्यागमन का नियम
(2) चयनित गुणों का सिद्धान्त
(3) मातृ एवं पितृ पक्षों का नियम
(4) संयोग का नियम

21. किसने 'मानसिक आयु' शब्द से सबसे पहले परिचित कराया ?
(1) अल्फ्रेड बिने
(2) थर्स्टन
(3) थॉर्नडाइक
(4) गिलफर्ड

18. At the age of 3 years how many words learn by a child ?
(1) Approx 200
(2) Approx 300
(3) Approx 500
(4) Approx 1000

19. Which is ***not*** the element of creativity ?
(1) Fluency
(2) Flexibility
(3) Originality
(4) Memorisings

20. In some of the cases children shows less mental ability as compared to their parents and vise-versa, this rule of heredity is known as what ?
(1) Law of Regression
(2) Law of selective traits
(3) Law of maternal and paternal lines
(4) Law of chance

21. Who introduces 'Mental Age' word very first ?
(1) Alfred Binet
(2) Thurston
(3) Thorndike
(4) Guilford



Download from www.MsEducationTv.com

**22.** एएएमडी तथा एपीए के अनुसार गंभीर मानसिक मंदता युक्त बालकों का बुद्धिलब्धि परास क्या होता है ?

(1) 52 से 67

(2) 36 से 51

(3) 20 से 35

(4) 20 से नीचे

**23.** रॉस के अनुसार विकास की कौन-सी अवस्था को 'मिथ्या परिपक्वता काल' कहा गया है ?

(1) शैशवावस्था

(2) बाल्यावस्था

(3) किशोरावस्था

(4) वयस्कावस्था/प्रौढ़ावस्था

**24.** विद्यार्थी द्वारा प्रत्येक इकाई की समाप्ति पर मानदण्ड संदर्भित ऐसे परीक्षण जिसमें विविध प्रकार की मूल्यांकन तकनीकी के द्वारा लिए गए परीक्षण में प्रदर्शन किया जाता है, किस प्रकार का मूल्यांकन कहलाता है ?

(1) अविरत मूल्यांकन

(2) नियतकालिक मूल्यांकन

(3) उपरोक्त (1) एवं (2) दोनों

(4) उपरोक्त (1) एवं (2) दोनों नहीं

**22.** According to AAMD and APA what is the I. Q. range of severe mental retardation children ?

(1) 52 to 67

(2) 36 to 51

(3) 20 to 35

(4) below 20

**23.** According to Ross which stage of development is known as 'Pseudo Maturity' stage ?

(1) Infancy

(2) Childhood

(3) Adolescence

(4) Adulthood

**24.** Assessment of performance done by students frequently at the end of unit using criterion-referenced test and employing multiple techniques of evaluation is known as what type of evaluation ?

(1) Continual of evaluation

(2) Periodicity of evaluation

(3) Above (1) & (2) both

(4) Neither (1) nor (2) above



Download from www.MsEducationTv.com

**25.** आरम्भिक बाल्यकाल का आयु समूह काल क्या होता है ?

(1) 0 से 2 वर्ष

(2) 2 से 4 वर्ष

(3) 2 से 6 वर्ष

(4) 4 से 7 वर्ष

**26.** डिस्लेक्सिया सम्बंधित है :

(1) मानसिक विकार से

(2) पठन विकार से

(3) व्यवहारगत विकार से

(4) गणितीय विकार से

**27.** जब एक ही विषय के विकास का अध्ययन अधिक समयावधि तक किया जाता है, इस अध्ययन को कहते हैं :

(1) जीवन वृत्तान्त अध्ययन

(2) सर्वे अध्ययन

(3) अनुप्रस्थ-काट अध्ययन

(4) अनुदैर्घ्य अध्ययन

**28.** "सीखना विकास की प्रक्रिया है", कथन किसके द्वारा कहा गया है ?

(1) वुडवर्थ

(2) योकम

(3) सिम्पसन

(4) डॉ० मैके

**25.** What is the age group of early childhood ?

(1) 0 to 2 years

(2) 2 to 4 years

(3) 2 to 6 years

(4) 4 to 7 years

**26.** Dyslexia is associated with :

(1) Mental disorder

(2) Reading disorder

(3) Behavioural disorder

(4) Mathematical disorder

**27.** When the development of the same subject is studied over a period of time, the study is called :

(1) Life history study

(2) Survey study

(3) Cross-sectional study

(4) Longitudinal study

**28.** "Learning is process of development" stated by whom ?

(1) Woodworth

(2) Yokam

(3) Simpson

(4) Dr. Mace



Download from www.MsEducationTv.com

29. किसी बच्चे में सृजनशीलता विकसित करने के लिए अध्यापक को ***नहीं*** करना चाहिए :

(1) बच्चे की क्रियाओं को प्रतिबंधित करना।

(2) बच्चे के विचारों का सम्मान करना।

(3) बच्चे की उत्कण्ठा/जिज्ञासा को सन्तुष्ट करना।

(4) बच्चे को अपूर्व चिन्तन की दिशा में ले जाना।

30. एक विद्यार्थी नये ज्ञान को इस तरह से सीखता है कि वह पहले से सीखे हुए सम्प्रत्यय एवं नियमों का परिमार्जन तथा विवर्धन करता है। इस प्रकार का अधिगम कहलाता है :

(1) संयोगात्मक सीखना

(2) अधीनस्थ सीखना

(3) महाकोटि सीखना

(4) सहसम्बंधात्मक सीखना

29. To develop creativity in a child, the teacher should ***not*** :

(1) restrict the activities of the child.

(2) respect the views of the child.

(3) satisfy the anxieties of the child.

(4) lead the child to novel thinking.

30. A student is tried to new knowledge in such a way that he/she is tried to modified and elaborate concepts and principles already learnt. This type of learning is known as what ?

(1) Combinational learning

(2) Subordinate learning

(3) Superordinate learning

(4) Correlative learning



Download from www.MsEducationTv.com

## भाग – II / PART – II
## भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी) / LANGUAGES (HINDI & ENGLISH)
## [ हिन्दी / HINDI ]

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए।*

**31.** अनेकार्थक शब्द के अर्थ-समूह की दृष्टि से कौन-सा विकल्प संगत ***नहीं*** है ?

(1) ऋत - आदित्य, ऋतु, सत्य

(2) ऐरावत - इन्द्र का हाथी, एक नाग जाति का नाम, विद्युत् मेघ

(3) ऋषभ - बैल, श्रेष्ठ, संगीत के सात स्वरों में दूसरा

(4) ओघ - ढेर, प्रवाह, बाढ़

**32.** 'अव्ययीभाव समास' का उदाहरण ***नहीं*** है :

(1) द्वार-द्वार

(2) आजकल

(3) कुशलतापूर्वक

(4) हाथोंहाथ

**33.** निम्न में से 'अतिथि' शब्द का सही विलोम शब्द बताइए :

(1) आतिथ्य

(2) अनातिथि

(3) आतिथेय

(4) सतिथि

**34.** निम्न में से भाववाचक शब्द छाँटिए :

(1) युवक

(2) चिकित्सक

(3) किसानी

(4) ज्ञानी

**35.** किस शब्द में 'परा' उपसर्ग का प्रयोग ***नहीं*** हुआ है ?

(1) पराजय

(2) पराश्रित

(3) पराभव

(4) पराकाष्ठा

**36.** निम्न शब्द-युग्मों में गलत अर्थ वाले विकल्प का चयन कीजिए :

(1) अविरोध-अवरोध - विरोध रहित, रुकावट

(2) अगद-अंगद - रोगी, बालिपुत्र

(3) अनंग-अनग - अशरीर, बिना नग का

(4) उभय-अभय - दोनों, निर्भीक



Download from www.MsEducationTv.com

**37.** निम्न में से किस व्यंजन का उच्चारण 'दन्त्य' ***नहीं*** है ?

(1) त (2) थ

(3) ल (4) श

**38.** संधि की दृष्टि से असंगत चुनिए :

(1) खग + ईश = खगेश

(2) वि + अभिचार = व्याभिचार

(3) देवी + एकता = देव्येकता

(4) धातु + इक = धात्विक

**39.** किस विकल्प में 'अनु' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है ?

(1) अन्वेषक (2) अनुष्ण

(3) अनुत्सेक (4) अनुद्धत

**40.** अशुद्ध विकल्प चुनिए :

(1) जो कम बोलने वाला हो - अल्पभाषी

(2) जो प्रमाण से सिद्ध न हो - प्रमाण्य

(3) जो किसी पर अभियोग लगाए - अभियोगी

(4) वर्षा का बिलकुल न होना - अनावृष्टि

**41.** निम्न में से किस भाववाचक संज्ञा शब्द की निर्मिति व्यक्तिवाचक संज्ञा से हुई है ?

(1) मातृत्व (2) आवश्यकता

(3) ऐश्वर्य (4) कैशोर्य

**42.** असंगत विकल्प बताइए :

(1) नै + स्थिक = नैष्ठिक

(2) वि + साद = विषाद

(3) सु + स्मिता = सुष्मिता

(4) निः + सन्न = निषण्ण

**43.** निम्न में से कौन-सा शब्द 'ल' प्रत्यय से युक्त ***नहीं*** है ?

(1) श्यामल

(2) कुशल

(3) रोमल

(4) आँचल

**44.** वार्तनिक दृष्टि से अशुद्ध विकल्प चुनिए :

(1) धोबिन

(2) पक्षीगण

(3) स्वामिभक्त

(4) अगुणी

**45.** निम्न में से 'प्रारब्ध' का विलोम है :

(1) अनारब्ध

(2) आरब्ध

(3) अपौरुष

(4) उपलब्ध



Download from www.MsEducationTv.com

## [ अंग्रेजी / ENGLISH ]

***Direction :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.*

**46.** Choose the most appropriate preposition.

He died ............ Cancer.

(1) by

(2) from

(3) of

(4) at

**47.** Amusement is a noun with "ment" as a suffix, which of the following option will become a noun if we add the suffix "ment" to it ?

(1) Correct

(2) Entertain

(3) Colour

(4) Extort

**48.** Fill in the blank by choosing the correct option.

He's busy. He's got ......... work to do.

(1) some

(2) any

(3) something

(4) few

**49.** Choose the most appropriate form of Indirect speech for the given sentence.

He said, "Her sister will arrive from Mumbai today."

(1) He said that her sister will arrived from Mumbai that day.

(2) He said that her sister will be arrived from Mumbai today.

(3) He said that her sister would arrive from Mumbai that day.

(4) He said that her sister would arrived from Mumbai that day.

**50.** Choose the correct antonym.

Abandon

(1) Quit (2) Resign

(3) Surrender (4) Acquire

**51.** Choose one word for the given sentence.

One who believe in the existence of God.

(1) Atheist (2) Ascetic

(3) Theist (4) Egotist



Download from www.MsEducationTv.com

**52.** I expect that I shall get a prize.

The underlined words are :

(1) Noun clause

(2) Adjective clause

(3) Adverb clause

(4) None of the above

**53.** Choose the most appropriate modal for the blank.

…..…..... you like a cup of coffee ?

(1) Can

(2) Would

(3) Must

(4) Will not

**54.** Change into passive voice.

Everybody laughed at Rohit.

(1) Everybody was laughed at by Rohit.

(2) Rohit was laughed at by everybody.

(3) Rohit had laughed by everybody.

(4) Rohit was laughed by everybody.

**55.** They decided to cooperate.

The underlined words are used as a :

(1) Verb

(2) Gerund

(3) Infinitive

(4) Adjective

**56.** Choose the correct one.

I was tired because I ……. for a long time.

(1) was working

(2) have been working

(3) had been working

(4) am working

**57.** Choose the appropriate option in the blank.

The Collector and Director ………. coming in the building.

(1) is

(2) are

(3) have been

(4) has



Download from www.MsEducationTv.com

**58.** Choose the most appropriate preposition.

There was a footpath that went ......... the road till the railway station.

(1) Over

(2) Along

(3) Around

(4) Across

**59.** They had to <u>cancel</u> the match as the ground was too wet to play on.

Replace the underlined word with an appropriate phrasal verb :

(1) call off

(2) call out

(3) call up

(4) call in

**60.** Which of the word is correctly spelt ?

(1) Guaranty

(2) Guarantee

(3) Gurantee

(4) Gurrantee



Download from www.MsEducationTv.com

## भाग – III / PART – III

## सामान्य अध्ययन / GENERAL STUDIES

### [ मात्रात्मक योग्यता, तार्किक अभिक्षमता तथा सामान्य ज्ञान एवं अभिज्ञान / QUANTITATIVE APTITUDE, REASONING ABILITY AND GK & AWARENESS ]

***निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए।*

***Direction :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.*

**61.** दी गई शृंखला को उसके क्रम के आधार पर पूरा करें :

20, 21, 25, 34, 50, ?

(1) 60

(2) 70

(3) 75

(4) 100

**62.** एक व्यक्ति 8,000 रुपये 15% वार्षिक दर से 3 वर्ष के लिए उधार लेता है। उसे कितना साधारण ब्याज चुकाना होगा ?

(1) 4,000 रु०

(2) 3,600 रु०

(3) 2,400 रु०

(4) 3,200 रु०

**63.** यदि $\sqrt[3]{19683} = ? \times 3$ तब "?" का मान होगा :

(1) 27

(2) 3

(3) 81

(4) 9

**61.** Complete the given series by their pattern :

20, 21, 25, 34, 50, ?

(1) 60

(2) 70

(3) 75

(4) 100

**62.** A man borrows Rs. 8,000 at the rate of 15% per year for 3 years. How much simple interest will be paid by him ?

(1) Rs. 4,000

(2) Rs. 3,600

(3) Rs. 2,400

(4) Rs. 3,200

**63.** If $\sqrt[3]{19683} = ? \times 3$ , then value of "?" is :

(1) 27

(2) 3

(3) 81

(4) 9



Download from www.MsEducationTv.com

**64.** एक आयत की लम्बाई उसकी चौड़ाई की तीन गुनी है। यदि इस आयत का क्षेत्रफल 147 वर्ग मीटर हो, तो इसका परिमाप ज्ञात करें :

(1) 56 मी० (2) 28 मी०

(3) 48 मी० (4) 49 मी०

**65.** दिये गये चार विकल्पों में से तीन किसी प्रकार से समान हैं तथा अपना एक समूह बनाते हैं। वह एक विकल्प कौन-सा है जो इस समूह में ***नहीं*** आता ?

(1) सितार

(2) गिटार

(3) वायलिन

(4) बाँसुरी

**66.** नारियल का जो संबंध कवच से है वही सम्बन्ध पत्र से किसका होगा ?

(1) कलम

(2) लिफाफा

(3) लेखन

(4) डाकिया

**67.** अमित ने एक परीक्षा में 175 अंक प्राप्त किए और वह 35 अंक से अनुत्तीर्ण हो गया। यदि परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 35% अंक की आवश्यकता हो, तो पूर्णांक ज्ञात करें :

(1) 650

(2) 700

(3) 750

(4) 600

**64.** The length of a rectangle is 3 times of its breadth. If the area of rectangle is 147 $m^2$, then find its perimeter :

(1) 56 m (2) 28 m

(3) 48 m (4) 49 m

**65.** Three of the following four are alike in a certain way and so form a group. Which one does ***not*** belong to that group ?

(1) Sitar

(2) Guitar

(3) Violin

(4) Flute

**66.** Coconut is related with shield in the same way, letter is related with :

(1) Pen

(2) Envelope

(3) Writing

(4) Postman

**67.** Amit scored 175 marks in a test and failed by 35 marks. If the passing percentage of the test is 35%, what are the maximum marks of the test ?

(1) 650

(2) 700

(3) 750

(4) 600



Download from www.MsEducationTv.com

**68.** 15 व्यक्तियों के एक समूह में, 7 हिन्दी पढ़ते हैं, 8 अंग्रेजी पढ़ते हैं और 3 इनमें से कोई भी भाषा नहीं पढ़ते हैं। कितने व्यक्ति हिन्दी और अंग्रेजी दोनों पढ़ते हैं ?

(1) 0 (2) 3

(3) 4 (4) 5

**69.** एक पुरुष की ओर इंगित करते हुए, एक महिला बोली, "इसकी माता, मेरी माता की एकमात्र पुत्री है। महिला उस पुरुष से किस प्रकार सम्बन्धित है ?

(1) माता (2) दादी

(3) बहन (4) पुत्री

**70.** यदि पूर्व दिशा उत्तर-पश्चिम हो जाए, पश्चिम दिशा दक्षिण-पूर्व हो जाए और इसी तरह सभी दिशाएँ आपस में अपना स्थान बदल लें, तो उत्तर दिशा कौन-सी दिशा हो जाएगी ?

(1) दक्षिण

(2) उत्तर-पूर्व

(3) पूर्व

(4) दक्षिण-पश्चिम

**71.** यदि किसी भिन्न के अंश में 200% की वृद्धि कर दी जाए तथा उसके हर में 350% की वृद्धि कर दी जाए, तो 5/12 प्राप्त होता है। मूल भिन्न ज्ञात करें।

(1) 5/9

(2) 5/8

(3) 7/12

(4) 11/12

**68.** In a group of 15 people, 7 read Hindi, 8 read English and 3 read none of these languages. How many people read Hindi and English both ?

(1) 0 (2) 3

(3) 4 (4) 5

**69.** Pointing to a man, a woman said, "His mother is the only daughter of my mother". How is the woman related to the man ?

(1) Mother (2) Grand Mother

(3) Sister (4) Daughter

**70.** If East direction changes their position to North-West, West direction changes to South-East. All directions change their positions in same manner. North will be changed to :

(1) South

(2) North-East

(3) East

(4) South-West

**71.** If the numerator of the fraction is increased by 200% and denominator is increased by 350%, then new fraction is 5/12, what was the original fraction ?

(1) 5/9

(2) 5/8

(3) 7/12

(4) 11/12



Download from www.MsEducationTv.com

**72.** निम्नलिखित शृंखला को पूरा करें :

DG, HK, LO, PS, ?

(1) QT (2) SV

(3) UX (4) TW

**73.** किसी सांकेतिक भाषा में 'BEAT' को 'UBFC' कहा जाए, तथा 'CALM' को 'NMBD' कहा जाये तो उसी भाषा में 'SORE' को क्या कहा जाएगा ?

(1) FSPT

(2) DQNR

(3) FQPR

(4) DSNT

**74.** एक कार 690 किमी० की दूरी 30 घण्टे में तय करती है। तो उसकी औसत चाल क्या होगी ?

(1) 21 किमी० प्र० घं०

(2) 25 किमी० प्र० घं०

(3) 23 किमी० प्र० घं०

(4) 20 किमी० प्र० घं०

**75.** 5 क्रमागत सम संख्याओं क्रमशः A, B, C, D तथा E का औसत 74 है। तब संख्या C तथा संख्या E का गुणनफल क्या होगा ?

(1) 5538

(2) 5616

(3) 5928

(4) 5772

**72.** Complete the following series :

DG, HK, LO, PS, ?

(1) QT (2) SV

(3) UX (4) TW

**73.** In a code language 'BEAT' is written as 'UBFC' and 'CALM' is written as 'NMBD'. How is 'SORE' written in same language ?

(1) FSPT

(2) DQNR

(3) FQPR

(4) DSNT

**74.** A car covers a distance of 690 kms in 30 hours. What will be the average speed of the car ?

(1) 21 kmph

(2) 25 kmph

(3) 23 kmph

(4) 20 kmph

**75.** The average of 5 consecutive Even numbers A, B, C, D and E respectively is 74. Then what is the product of C and E ?

(1) 5538

(2) 5616

(3) 5928

(4) 5772



Download from www.MsEducationTv.com

**76.** एक व्यक्ति तथा उसके पुत्र की औसत आयु 40 वर्ष है। इनकी आयु का अनुपात क्रमशः 11 : 5 है। तो पुत्र की आयु क्या होगी ?

(1) 25 वर्ष

(2) 20 वर्ष

(3) 28 वर्ष

(4) 14 वर्ष

**77.** घड़ी की दोनों सुईयाँ एक दिन में कितनी बार अतिव्यापन करेंगी ?

(1) 22 बार

(2) 24 बार

(3) 12 बार

(4) 11 बार

**78.** यदि शब्द "FRIEND" के प्रत्येक अक्षर को उसके वर्ण क्रम अनुसार जमाया जाए, तो कितने अक्षरों के स्थान अपरिवर्तित रहेंगे ?

(1) 4 (2) 3

(3) 1 (4) 2

**79.** एक कैण्टीन में सात दिनों के लिए 56 किग्रा० चावल की आवश्यकता होती है, तो अप्रैल तथा मई माह में कुल मिलाकर कितने किग्रा० चावल की आवश्यकता होगी ?

(1) 488 किग्रा०

(2) 476 किग्रा०

(3) 498 किग्रा०

(4) 490 किग्रा०

**76.** The average age of a man and his son is 40 years. The ratio of their ages is 11 : 5 respectively. What is the son's age ?

(1) 25 years

(2) 20 years

(3) 28 years

(4) 14 years

**77.** How many times both needles of a clock will be overlapping each other in a day ?

(1) 22 times

(2) 24 times

(3) 12 times

(4) 11 times

**78.** If each letter of the word "FRIEND" is arranged by their order in English alphabet. How many letters will not change their position ?

(1) 4 (2) 3

(3) 1 (4) 2

**79.** A Canteen requires 56 Kgs rice for seven days. How many Kgs of rice will it require for the month of April and May together ?

(1) 488 Kgs.

(2) 476 Kgs.

(3) 498 Kgs.

(4) 490 Kgs.



Download from www.MsEducationTv.com

**80.** एक तस्वीर की ओर इशारा करते हुए विशाल ने कहा, यह मेरे दादाजी के इकलौते पुत्र की बहन है। तो बताइए तस्वीर वाली महिला विशाल से किस प्रकार सम्बन्धित है ?

(1) मौसी

(2) बुआ

(3) बहन

(4) माता

**81.** तिलयार झील कहाँ अवस्थित है ?

(1) गुरुग्राम

(2) रोहतक

(3) जींद

(4) फरीदाबाद

**82.** हरियाणा साहित्य अकादमी की पत्रिका है :

(1) हरिगन्धा

(2) हरियाणा संवाद

(3) हरियाणा संदेश

(4) पाञ्चजन्य

**83.** अभी हाल ही में तिरुपति बालाजी मंदिर कहाँ बनाया गया है ?

(1) कुरुक्षेत्र में

(2) गुरुग्राम में

(3) अंबाला में

(4) पंचकुला में

**80.** Pointing towards a photograph Vishal says, she is the sister of my grand-father's only son. How the woman in the photograph is related to Vishal ?

(1) Maternal Aunty

(2) Paternal Aunty

(3) Sister

(4) Mother

**81.** Where the Tilyar lake is situated ?

(1) Gurugram

(2) Rohtak

(3) Jind

(4) Faridabad

**82.** The Magazine of Haryana Sahitya Academy is :

(1) Harigandha

(2) Haryana Samvad

(3) Haryana Sandesh

(4) Panchajanya

**83.** Where the Tirupati Balaji Temple has recently been built ?

(1) Kurukshetra

(2) Gurugram

(3) Ambala

(4) Panchkula



Download from www.MsEducationTv.com

**84.** नाहर वन्यजीव अभयारण्य कहाँ अवस्थित है ?

(1) अंबाला (2) सोनीपत

(3) यमुनानगर (4) रेवाड़ी

**85.** साहिबी नदी निम्नलिखित में से किस जिले में ***नहीं*** बहती है ?

(1) रोहतक (2) रेवाड़ी

(3) झज्झर (4) गुरुग्राम

**86.** हरियाणा के प्रथम गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री कौन थे ?

(1) चौधरी देवीलाल

(2) चौधरी बंसीलाल

(3) राव बीरेन्द्र सिंह

(4) भगवत दयाल शर्मा

**87.** हरियाणा की तेरहवीं विधान सभा के अध्यक्ष कौन थे ?

(1) संतोष यादव (2) कँवर पाल

(3) अभय सिंह (4) एम० एल० खट्टर

**88.** सुल्तानपुर नेशनल पार्क के बारे में अधोलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(a) इसे वर्ष 1991 में राष्ट्रीय उद्यान के रूप में क्रमोन्नत किया गया था।

(b) यह अपने प्रवासी पक्षियों के लिए प्रसिद्ध है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं ?

(1) केवल (a) सत्य है।

(2) केवल (b) सत्य है।

(3) न तो (a) और न ही (b) सत्य है।

(4) (a) और (b) दोनों सत्य हैं।

**84.** Where the Nahar Wildlife Sanctuary is situated ?

(1) Ambala (2) Sonipat

(3) Yamunanagar (4) Rewari

**85.** The Sahibi river does ***not*** flow in which of the following district ?

(1) Rohtak (2) Rewari

(3) Jhajjar (4) Gurugram

**86.** Who was the first Non-Congress Chief Minister of Haryana ?

(1) Chaudhary Devilal

(2) Chaudhary Bansilal

(3) Rao Birendra Singh

(4) Bhagawat Dayal Sharma

**87.** Who was the speaker of the 13th Haryana Assembly ?

(1) Santosh Yadav (2) Kanwar Pal

(3) Abhay Singh (4) M. L. Khattar

**88.** Consider the following statements about Sultanpur National Park :

(a) It was upgraded to National Park in the year 1991.

(b) It is famous for its migratory birds.

Which of the above statement/statements is/are true ?

(1) Only (a) is true.

(2) Only (b) is true.

(3) Neither (a) nor (b) is true.

(4) Both (a) and (b) are true.



Download from www.MsEducationTv.com

**89.** सुमेलित कीजिए :

| | स्मारक | | स्थान |
|---|---|---|---|
| A. | शेख चिल्ली का मकबरा | (i) | थानेसर |
| B. | गूजरी महल | (ii) | हिसार |
| C. | इब्राहिम लोदी का मकबरा | (iii) | पानीपत |
| D. | शीश महल | (iv) | फर्रुखनगर |

***सही*** कूट चुनिए :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
